# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः **26.03.2025**

**अनुमानित कीमत ₹ 08 लाख के अवैध गांजा के साथ 02 अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार, गांजा तस्करी में प्रयुक्त 02 अदद स्कूटी बरामद —**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ , अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के निर्माण/तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः 25.03.2025 थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बस्तरा पाण्डेय के पास से 02 अदद स्कूटी सवार 02 अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जिनके द्वारा पूछताछ में अपना नाम पता 1. गायत्री प्रसाद उर्फ जय बिन्द पुत्र स्व0 मंगरू बिन्द निवासी ग्राम कलना थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर व 2. उमेश कुमार बिन्द पुत्र स्व0 राम बहादुर बिन्द निवासी धरमपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज बताया गया तथा दोनों स्कूटीयों में अवैध गांजा छुपाकर रखा होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गई तो दोनों स्कूटी से कुल 22 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-97/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है। गांजा तस्करी में प्रयुक्त उपरोक्त दोनों स्कूटी को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

**विवरण पूछताछ —**

गिरफ्तार अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्करों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग द्वारा कुछ दिन पहले नयी स्कूटी खरीदी गयी थी। जिससे हम उड़ीसा के सराय टोली नामक स्थान से एक व्यक्ति से गांजा खरीद कर दोनों स्कूटी में छुपाकर ला रहे थे की चेकिंग के दौरान हमें पकड़ लिया गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1. गायत्री प्रसाद उर्फ जय बिन्द पुत्र स्व0 मंगरू बिन्द निवासी ग्राम कलना थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर, उम्र करीब -38 वर्ष।
2. उमेश कुमार बिन्द पुत्र स्व0 राम बहादुर बिन्द निवासी धरमपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-32 वर्ष।

**बरामदगी विवरण —**

- 22 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत ₹ 08 लाख)
- गांजा तस्करी में प्रयुक्त 02 अदद स्कूटी।

**पंजीकृत अभियोग —**

मु0अ0सं0-97/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास (गायत्री प्रसाद)-

1. मु0अ0सं0- 14/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कछवां जनपद मीरजापुर।
2. मु0अ0सं0- 168/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कछवां जनपद मीरजापुर।
3. मु0अ0सं0- 77/2025 धारा 4/25 आयुध अधि. थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।
4. मु0अ0सं0- 354/2023 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मेजा जनपद प्रयागराज।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —**

थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम बस्तरा पाण्डेय के पास से, दिनांकः 25.03.2025 को समय 22.40 बजे।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —**

थानाध्यक्ष लालगंज संजय सिंह, उप-निरीक्षक हरिकेश सिंह मय पुलिस टीम।


Skyback


श्री अभिनन्दन